तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

04 विज्ञान मेले में चमके आत्मानंद स्कूल के विद्यार्थी ...



02 जुनवानी में निर्माणाधीन अंडर ब्रिज और बंद ...





## खबर संक्षेप

### हाईवा की ठोकर से सायकिल चालक बुजुर्ग घायल

**बालोद।** साइकिल के माध्यम से घर आ रहे बुजुर्ग को मुख्य मार्ग में हाईवा ने ठोकर मार दिया। जिससे सायकल चालक बुजुर्ग बुरी तरह घायल हो गया। जिसमे बुजुर्ग के पोते ने हाईवा चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एमओटी, 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वार्ड नंबर 2 ग्राम कादुंल निवासी तुषार दिवान ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर को मेरे दादा डोमार दीवान काम से सायकल से ग्राम अर्जुंदा गये हुए थे, दोपहर 02.45 बजे बस स्टैण्ड अर्जुंदा से दाऊपारा चौक की ओर जा रहे थे, दाऊपारा चौक के पास पहुंचे थे, कि अर्जुंदा तरफ आ रही हाईवा क्रमांक सीजी 24 टी 8883 के चालक द्वारा दादा डोमार दिवान के सायकल को पीछे से ठोकर मारकर दुर्घटनाग्रस्त कर दिया, जिससे मेरे दादा के दाहिने पैर के घुटने के नीचे, दाहिने हाथ के कलाई के पास में चोट आया है। जिसका ईलाज हेतु सीएचसी अर्जुंदा ले गये थे, जहां प्राथमिक उपचार कराने के बाद उचित ईलाज हेतु राजनांदगांव अस्पाताल रिफर किया गया है।

### दुकान से अज्ञात चोर ने की 20 हजार की चोरी

**बालोद।** मुख्य मार्ग पर स्थित मशीनरी दुकान से चोरो ने 20 हजार रूपये की चोरी कर ली। जिसके बाद दुकानदार द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। बुढापारा बालोद वार्ड न0 19 निवासी पवन गांधी ने पुलिस को बताया कि ग्राम सिवनी बालोद ⏭ शेष पेज 02 पर

**धान खरीदी : धान खरीदी में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के दिए कड़े निर्देश**

# कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने धान खरीदी केन्द्रों का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जिले के बालोद एवं डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के कार्य एवं वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी के कार्य में लगे अधिकारी–कर्मचारियों को केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर एवं गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य शासन के विशेष प्राथमिकता वाला कार्य है। इसलिए इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बिल्कुल भी बर्दास्त नहीं की जाएगी।

- धान खरीदी में कलेक्टर की सख्त निगरानी, किसानों के हित में गुणवत्ता पर विशेष ध्यान

मिश्रा ने अधिकारी–कर्मचारियों को धान खरीदी के कार्य को पूरे मनोयोग, तत्परता एवं त्रुटिरहित ढंग से करने के निर्देश दी तथा धान खरीदी के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बरते जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर मिश्रा ने बालोद विकासखण्ड के तरौद एवं कोबा तथा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के कोचेरा एवं भीमकन्हार धान खरीदी केन्द्रों में पहुँचकर वहाँ की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष, एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं आरके राठिया, जिला खाद्य अधिकारी तुलसी ठाकुर एवं तहसीलदार, जिला विपणन अधिकारी सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं कृषकगण उपस्थित थे।

### मूलभूत सुविधाओं की उलपब्धता कराने के दिए निर्देश

इस दौरान कलेक्टर मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में जारी धान खरीदी के कार्य के अलावा वहाँ पर मूलभूत सुविधाओं की उलपब्धता, किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए जाने वाले धान की गुणवत्ता, धान खरीदी केन्द्रों के संचालन हेतु नियुक्त किए गए अधिकारी–कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति एवं उनके द्वारा संपादित किए जा रहे कार्यों का सूक्ष्मता से अवलोकन किया। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने हड़ताल के पश्चात आज अपने काम पर लौटे समिति प्रबंधकों से बातचीत भी की। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों को पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने अपनी बहुमूल्य भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### व्यवस्थाओं के संबंध में ली जानकारी

इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी के कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने हेतु निगरानी समिति में शामिल पटवारी, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत सचिव एवं अन्य अधिकारी–कर्मचारियों तथा नोडल अधिकारियों से भी बातचीत कर धान खरीदी केन्द्र के व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने निगरानी दल में शामिल अधिकारी–कर्मचारी एवं नोडल अधिकारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे धान खरीदी केन्द्र में पहुँचकर धान खरीदी कार्य का सूक्ष्मता से मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। जिससे कि धान खरीदी का कार्य सुचारू रूप से संपन्न हो सके। केन्द्र के अंतर्गत शामिल सभी गांवों के अनुमानित रकबा, औसत पैदावार, पिछले वर्ष के कुल धान खरीदी तथा मौजूदा वर्ष में धान खरीदी हेतु निर्धारित लक्ष्य के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में बारदानों की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। मिश्रा ने सभी धान खरीदी केन्द्रों में आवश्यकता के आधार पर समुचित मात्र में बारदानों की मांग करने के भी निर्देश दिए।

# 18 क्विंटल धान जब्त, कलेक्टर के निर्देश पर दो गोदाम सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

जिले में धान की अवैध खरीदी, बिक्री की रोकथाम हेतु प्रशासनिक अमले द्वारा की जा रही है सतत निगरानी कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने भीमकन्हार के थोक अनाज व्यापारियों के गोदामों का किया निरीक्षण जांच के दौरान धान की मात्रा समुचित नही पाए जाने पर गौतमचंद जैन के गोदाम को सील किया गया। सुभाषचंद जैन के गोदाम में अतिरिक्त पाए गए 17.60 क्विंटल धान को जप्त करने की गई कार्रवाई।

- गोदामों में स्टॉक और ऑनलाइन पोर्टल में भारी अंतर, प्रशासन ने की कड़ी कार्रवाई
- एसडीएम ने जांच कर 17 .60 क्विंटल धान जप्त, व्यापारियों पर मामला दर्ज

कलेक्टर शिद्व्या उमेश मिश्रा ने शुक्रवार को जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ ग्राम भीमकन्हार में दो थोक व्यापारियों के गोदामों में पहुँचकर वहाँ रखे गए धान का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर एवं अधिकारियों ने ग्राम भीमकन्हार के थोक व्यापारी गौतमचंद जैन एवं सुभाष जैन के गोदामों में पहुँचकर जिला खाद्य अधिकारी, मण्डी सचिव एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारियों के साथ गोदाम में रखे गए धान का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गौतमचंद जैन के भीमकन्हार स्थित गोदाम के निरीक्षण के दौरान ऑनलाईन पोर्टल स्टॉक एवं रजिस्टर का मिलान करने पर 2360 क्विंटल धान स्टॉक में होना पाया गया। लेकिन मौके पर गोदाम में उपलब्ध धान का स्टॉक एवं ऑनलाईन पोर्टल से मिलान करने पर 1146 कट्टा (458.40 क्विंटल) धान पाया गया। जो कि ऑनलाईन पोर्टल स्टॉक एवं पंजी में दर्ज धान की मात्रा से 4754 कट्टा (1901.60 क्विंटल) कम है। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने एसडीएम डौण्डीलोहारा शिवनाथ बघेल एवं अधिकारियों को इसका समुचित जांच कर तत्काल कार्रवाई प्रतिवेदन प्रस्तुत कर उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए थे। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा के निर्देशानुसार एसडीएम श्री बघेल एवं अधिकारियों द्वारा व्यवसायी गौतम चंद जैन के गोदाम में रखे गए धान के संबंध में जांच की कार्रवाई की गई।

इसी तरह कलेक्टर के निर्देश पर डिप्टी कलेक्टर आशीष पेंद्रों एवं मंडी निरीक्षक एवं पटवारी के द्वारा ग्राम ⏭ शेष पेज 02 पर

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार
01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)
उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)
01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व. श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)
01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व. श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्ते लागू*
1. भाग्यशाली पाठक कों अपना पहचान पत्र के साथ अखबार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य हैं। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्ते मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥
अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)
अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।
कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)
शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)
नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।
J.J.Ad

## खबर संक्षेप



### धान खरीदी में अव्यवस्था देख जिपं सदस्य ने जताई कड़ी नाराजगी

**बालोद/निकुम।** जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने अपने क्षेत्र के धान खरीदी केंदों में आकस्मिक निरीक्षण कर खुले अन्नदाता के साथ धान तौलाई में हो रही मनमानी रवैये को देख कर बिफरे। वही संबंधित अधिकारियों को तुरंत शिकायत कर अव्यवस्था सुधारने की बात कही। उन्होंने नाराजगी जताते हुए कहा कि इस समय धान खरीदी सफ्ताह भर में भाजपा सरकार की रीति नीति की हवा गुब्बारे जैसे निकल रही हैं, धान खरीदी में मनमजएँ से हो रहा है गांव, गरीब, किसान की हितैषी बताने वाले जिम्मेदार भाजपा पदाधिकारी किसानों की सुध लेवे, बीते महीने मौसम की मार और धान खरीदी की लचर व्यवस्था से किसान परेशान है। गौर हो गब्दी, खुरसुनी में 41 किलो धान तौल रहे, वही माहुद अ में खराब तौल मशीन से धान लाफरवाही पूर्वक धान खरीदने पर शिकायत के बाद व्यवस्था सुधरी, वही जिला पंचायत सदस्य गुलशन चंद्राकर ने लगातार धान खरीदी केंदों में निरीक्षण करेंगे, समय रहते व्यस्था सुधारे, नहीं तो किसानों की समस्या दूर करने सड़क पर मजबूर ना करे, जिसमें गबदी पूर्व सरपंच संतोषी सिन्हा, श्याम साहू सत्य प्रकाश साहू रहे।

### प्रिंस ने सीजीपीएसई की परीक्षा में हासिल किया 76वां रैंक



**कुसुमकसा।** कुसुमकसा निवासी प्रिंस कुशवाहा को छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में 76वां रैंक मिला है। किसान पुत्र के छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग में सफलता मिलने के बाद परिवार में खुशी का माहौल है ,लगातार तीसरे प्रयास में उसने यह रैंक हासिल कर इंटरव्यू में सफलता पाई है बालोद जिले के कुसुमकसा में रहने वाला किसान सुनील कुमार कुशवाहा के घर में जन्मे प्रिंस कुशवाहा ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की परीक्षा के लिए रायपुर में तैयारी की। उन्होंने बताया कि उसके पिता मध्यम वर्गीय किसान हैं और दो भाईयों में वह बड़ा है। प्रिंस ने बताया कि रायपुर में तक तैयारी करने के बाद तीसरी मर्तबा में उन्होंने मेन्स और इंटरव्यू क्लियर करते हुए 76 वां अंक हासिल किया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग का परिणाम आने के बाद जब इसकी जानकारी प्रिंस को हुई, तो उनके घर में उत्साह का माहौल शुरू हो गया है ,प्रिंस कुशवाहा ने अपनी सफलता का श्रेय माता पिता व गुरुजनों का बताया ,प्रिंस का छोटा भाई भी छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की तैयारी कर रहा है।

### चेन स्नेचिंग करने वाले तीन युवक पकड़ गए

**भिलाई।** बुधवार को हुए चेन स्नेचिंग मामले में पुलिस ने तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। एक फरार आरोपी की तलाश में पुलिस जुट गई है।

---

**मांग : ग्रामीणों ने की अधिकारियों से सुरक्षा और मार्ग सुधार की तत्काल मांग**

# जुनवानी में निर्माणाधीन अंडर ब्रिज और बंद रेलवे फाटक को लेकर ग्रामीणों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा





- गड्ढे में गिरने से घायल हुए युवक की घटना ने मुद्दे को बना दिया गंभीर

जुनवानी के ग्रामीणों ने रेलवे फाटक खोलने और बन रहे अंडर ब्रिज को सीधा बनाने की मांग की है। इस संबंध में ग्रामीणों की मांग पर जिला पंचायत अध्यक्ष तारिणी पुष्पेंद्र चंद्राकर, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, सरपंच डोमन देशमुख, सरपंच योगेश देशमुख, सरपंच दोषण साहू ने रेलवे के अधिकारी अनिल, सीनीयर सब इंजीनियर व तहसीलदार हेमंत पैकरा, हल्का पटवारी से मिलकर जानलेवा गड्ढा एवं निर्माणाधीन अंडर की समस्या का निदान करने की मांग रखी। रेल्वे अधिकारियों ने ग्रामीणों की बात उच्च अधिकारी के समक्ष रखने की बात कही। ग्राम जुनवानी में रेलवे फाटक के पास अंडर ब्रिज बनाया जा रहा है, जो निर्माणाधीन है। यहां पर किसी भी प्रकार का सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाया गया है जिसके कारण आए दिन कई घटना घट रही है। 19 नवंबर को शाम सात बजे कचांदूर निवासी युवराज साहू अपने रिश्तेदार से मिलकर भाठागांव से कचांदूर जा रहे थे। प्रधानमंत्री सड़क के बीचों–बीच ओवर ब्रिज के पास बड़ा गड्ढा आठ से दस फीट खोदा हुआ है, उसी गड्ढे में मोटर सायकल सवार युवराज साहू गिर गया और चोट लग गई। गुण्डरदेही थाना की टीम सूचना मिलते ही पहुंची और गड्ढे में गिरे व्यक्ति को ग्रामीणों के सहयोग से निकाला गया। प्राथमिक उपचार के लिए हॉस्पिटल ले गया। गाड़ी अभी भी गड्ढे में ही है। इससे ग्रामीण आक्रोशित हैं। ग्रामीणों ने एसडीएम से भी मांग की है। सरपंच डोमन देशमुख, उपसरपंच सिकोसा संजय बारले, सरपंच भाठागांव दोषण साहू, जनपद सदस्य रीना देशमुख के साथ साथ ग्रामीणों का कहना हैं कि रेलवे फाटक को बंद कर दिया गया है जिसे खोला जाए और अंडर ब्रिज टेढ़ा–मेढ़ा बना है उसे सीधा किया जाए जिससे आने जाने में दिक्कत न हो।

### आए दिन हो रही है दुर्घटनाएं

दैनिक प्रगति रिपोर्ट बनाने के पहले आस पास के जनप्रतिनिधियों को कोई जानकारी नहीं दी गई तथा ग्राम पंचायत तथा ग्रामीणों को भी कोई जानकारी नहीं दी गई ओवर ब्रिज में चार पहिया वाहन तथा अन्य वाहन आने जाने में दिक्कत के साथ दुर्घटनाएं घट रही है। ग्रामीण दुष्यंत कुमार साहू, माधव साहू, मोहन निर्मलकर, मायाराम साहू, थनेश, रेनसिह, हिरामण सिन्हा, रवि सिन्हा, गेंद साहू ने अपनी मांग अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि पास रखी। आगे बताया रेल्वे कि उच्च संबंधित अधिकारी का नंबर मांगने पर नहीं दिया गया।

### ग्रामीणों की प्रमुख मांग

गांव वाले प्रमुख मांग है कि रेलवे फाटक बंद किया उसे खोला जाए, घुमावदार को सीधा बनाया जाए, ब्रिज के मोड पर लाइट की व्यवस्था किया जाए, डिवाइडर को चौड़ीकरण किया जाए, गांव केपानी के निकासी के लिए पुल बनया जाए।सीनियर इंजीनियर बालोद अनिल कुमार का कहा है कि गेट हमेशा के लिये बन्द कर दिया गया। जिससे ग्रामीण मानने को तैयार नहीं। आस पास के ग्रामीण मांगे पूरी नहीं होने पर चक्का जाम करने की बात कह रहे हैं।

---

## जेंडर समानता एवं महिला अधिकारों पर हुआ एक दिवसीय प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं चैतन्य संस्था के संयुक्त तत्वावधान में डौंडी लोहारा विकासखण्ड में महिलाओं के लिए जेंडरगत भेदभाव एवं समानता विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। रेंगाडबरी, सुरेगांव, दुधली और नांहदा क्लस्टर की महिला स्व-सहायता समूहों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं में जेंडर असमानता, भेदभाव और महिला अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

प्रशिक्षकों ने बताया कि समाज में महिलाएँ कई बार असमान व्यवहार का सामना करती हैं, जिसे शिक्षा, जागरूकता और कानूनी जानकारी के माध्यम से कम किया जा सकता है। कार्यक्रम में प्रतिभागी महिलाओं को महिला सुरक्षा और अधिकारों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनों की जानकारी दी गई, जिनमें कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम 2013, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006, दहेज निषेध अधिनियम 1961 तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकथाम अधिनियम 1994 शामिल थे। प्रशिक्षण के संचालन में बिहान से जयंती साहू (एरिया कोऑर्डिनेटर) का विशेष योगदान रहा। चैतन्य संस्था से जिला समन्वयक शेषपाल साहू एवं मोहित सिन्हा प्रशिक्षण दल में शामिल रहे। वहीं जेंडर बीआरपी जानकी साहू, संतोषी सिन्हा और सरस्वती ने प्रशिक्षण एवं संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। प्रतिभागी महिलाओं ने प्रशिक्षण को अत्यंत उपयोगी बताते हुए कहा कि वे अपने गांवों में जाकर अन्य महिलाओं को जेंडर समानता और अधिकारों के प्रति जागृत करने हेतु अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

---

## 20 ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं की अनुपलब्धता से नाराज ग्रामीण





**डौंडी।** डौंडी ब्लॉक कच्चे आरीडोंगरी खनिज खदानों से प्रभावित क्षेत्रों में सी एस आर मद/डी एम एफ से क्षेत्र से 15 किलोमीटर की परिधि में सम्मिलित प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष प्रभावित क्षेत्र बालोद जिला के डौंडी ब्लॉक सीमा क्षेत्र के लगभग 20 ग्राम पंचायतों में आज पर्याप्त तक कोई भी मूल भूत सुविधा संबंधित कार्य नहीं कराए गए जबकि ये क्षेत्र आरी डोंगरी माइंस ,कच्चे माइंस के लाल पानी से प्रभावित है एवं पर्यावरण प्रदूषित है जिसके कारण क्षेत्र वासियों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ रहा है। इस संबंध में आज कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन सौंपा गया डौंडी ब्लॉक के प्रभावित क्षेत्रों में में सी एस आर एवं डी एम एफ मद से कार्य नहीं कराये जाने पर भविष्य में उग्र आंदोलन करने की बात कही गई ज्ञापन देने वाले में मुख्य रूप से जनपद उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम जनपद सदस्य तुलेश्वर हिचामी सरपंच भुनेश्वर कोसमा (गुदुम) डीलेश्वरी ठाकुर ( छिंदगांव) अमीना मंडावी (आवरी) मानकी कोमरे ( मरदेल) ज्ञानेश्वरी नेताम /नर्रालगुड़ा कमिथाला गावड़े/ (चिहरों) निर्मला चुरेंद्र बम्हनी, नोहर लाल धनेलिया कुआगोंदी अमीना सलाम कुंजकन्हार सत्यवती जाड़े लिमऊडीही तारादेवी दर्रो सुरडोंगर , पवन साहू उप सरपंच छिंदगांव पूर्व सरपंच श्री बनवाली चिराम पुसवाड समीर धुर्वे युवा नेता डौंडी उपस्थित रहे।

## ठंड बढ़ी, पर महंगी सब्जियों ने बढ़ाई रसोई की टेंशन



**दल्लीराजहरा।** दल्लीराजहरा बाजार में लगातार बढ़ रही कीमतों से उपभोक्ता परेशान हैं दल्लीराजहरा में सब्जियों के दाम आसमान पर, परिवारों का बजट गड़बड़ाया, ठंड का मौसम शुरू होते ही आमतौर पर बाजार में सब्जियों के दाम राहत देने लगते हैं, लेकिन इस बार हालात उलट दिखाई दे रहे हैं। शहर और आसपास के क्षेत्रों में सब्जियों की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं, जिससे आम परिवारों का घरेलू बजट बिगड़ता जा रहा है। रसोई का खर्च इस कदर बढ़ चुका है कि रोजमर्रा की थाली तैयार करना भी चुनौती बन गया है। दल्लीराजहरा बाजार में आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, भिंडी, बैंगन सहित हरी सब्जियों के दाम लगातार चढ़ रहे हैं। पिछले साल की तुलना में कई सब्जियां इस बार लगभग दोगुने दाम पर बिक रही हैं। महंगाई की मार से त्रस्त उपभोक्ता मजबूरन अपने खानपान में कटौती करने लगे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर साल ठंड में सब्जियां सस्ती मिलती थीं, लेकिन इस बार तो दामों में आग लगी है। पहले दो समय सब्जी बन जाती थी, अब एक वक्त दाल से ही गुजारा करना पड़ रहा है।

## महंगी बिजली पर भड़कीं विधायक संगीता सिन्हा, राज्य सरकार पर लगाए आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



प्रदेश में सभी संसाधन रहते हुए भी प्रदेश की जनता को महंगी बिजली मिल रही है भाजपा सरकार प्रदेश की जनता के अधिकार पर डाका डाल अपनी पीठ थपथपा रही है। जबकि प्रदेश की भाजपा सरकार को चाहिए कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 400 युनिट हॉफ में बढ़ोत्तरी कर 500 युनिट तक हॉफ करे। उक्त बातें विधायक संगीता सिन्हा ने यह प्रेस से चर्चा करते हुए कही। संगीता सिन्हा ने कहा प्रदेश में कोयला, लौह, हिरा सहित कई कीमती खनिज भंडार है। प्रदेश में आवश्यकता से अधिक बिजली का उत्पादन होता है। प्रदेश के संसाधनो पर पहला अधिकार प्रदेश की जनता का है। प्रदेश की जनता को अपने त्याग के बदले कम दर पर बिजली मिलनी चाहिए थी लेकिन प्रदेश की भाजपा सरकार लगातार जनता के हित को अनदेखी कर महंगी बिजली दे रही है पूर्ववर्ती भूपेश बघेल की कांग्रेस सरकार मे 400 युनिट बिजली हॉफ दर पर मिलती थी लेकिन वर्तमान भाजपा सरकार ने उसे भी छिन लिया और 200 युनिट बिजली हॉफ दर पर देने की घोशणा कर स्वयं को जनहितैशी सरकार बता रही है जबकि वर्तमान सरकार जन विरोधी सरकार है। संगीता सिन्हा ने कहा सरकार का शोशण यही खत्म नही हुआ है सरकार ने बिजली बिल हॉफ योजना मे 200 युनिट की कटौती कर दी और बिजली का दर बढ़ा दिया इससे प्रदेश की जनता दोहरे बोझ से दब रही है।

### विधायक की मुख्य मांगें

संगीता सिन्हा ने कहा यदि वास्तव मे भाजपा की सरकार जनता की हित चाहती है तो उसे पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार की 400 युनिट हॉफ योजना को बढ़ाकर अपनी तरफ से 100 युनिट हॉफ बढ़ाकर 500 युनिट तक के बिल को हॉफ करना चाहिए। संगीता सिन्हा ने कहा हम सरकार से मांग करते है कि पूर्ववती भूपेश सरकार की 400 युनिट बिजली बिल हॉफ योजना को ही कम से कम लागू कर दे एवं बढ़े हुए बिजली दर को कम करे।

---

## जुनवानी अंडर ब्रिज में जानलेवा साबित हो रहा खतरनाक गड्ढा

हरिभूमि न्यूज. बालोद/सिकोसा

जुनवानी अंडर ब्रिज में ठेकेदार द्वारा किए गए गढ्ढे में तीन दिन मे दूसरा मोटर सायकल सवार घायल हो गया। 19 नवंबर को भी एक मोटर सायकल सवार गढ्ढे में गिरा था घटना के 48 घंटे बाद भी शासन प्रशासन ने इस गंभीर लापरवाही पर ध्यान नही दिया। जिससे एक और मोटर सायकल सवार उस खतरनाक गढ्ढे मे गिर गया। जुनवानी अंडर ब्रिज में के खोदा गया गड्ढा राहगीरों के लिए अब जानलेवा साबित हो रहा है, शुक्रवार शाम 6:30 बजे ग्राम बासीन निवासी चेतन साहू ग्राम बोरी अपने रिश्तेदार के घर के वापसी के दौरान गढ्ढे मे गिया में गड्ढे गिरने से व्यक्ति के हाथ पैर में गहरी चोट आया है।



- तीन दिन में दूसरी मोटरसाइकिल दुर्घटना, गंभीर रूप से हुए घायल
- रेलवे विभाग की लापरवाही पर ग्रामीण आक्रोशित, चक्का जाम की चेतावनी

### गड्ढे के कारण लगातार हो रही है दुर्घटनाएं

जानकारी अनुसार लगातार तीन दिन में मोटरसाइकिल इस गड्ढे में गिर रहे है। लगातार घटनाओ के बाद भी निर्माण एंजेसी द्वारा ना ही कोई सूचना बोर्ड लगाया गया है और ना ही सुरक्षा के कोई मजबूत इंतेजाम किए गए है। ठेकेदार द्वारा कोई संकेत बोर्ड रेडियम पट्टी नहीं लगाया गया इस वजह से रोजाना राहगीर चोटिल हो रहा है, शासन प्रशासन जनप्रतिनिधि के द्वारा अवगत करा चुके हैं लेकिन रेलवे विभाग अभी तक कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा। शायद रेलवे विभाग के द्वारा किसी मौत के इंतजार कर रहे है। लगातार हो रही घटनाओ के बाद भी शासन प्रशासन द्वारा सुरक्षा के उपाय नही किए जाने से ग्रामीणो में भारी आक्रोश है ग्रामीण एक–दो दिन के अंतर्गत अपनी मांग को लेकर चक्का जाम करने की बात कह रहे है।

## रासेयो के स्वयंसेवकों को दी गई कानूनी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय एकलव्य महाविद्यालय डौंडीलोहारा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चतुर्थ दिवस पर बौद्धिक परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लॉ विभाग, शासकीय महाविद्यालय बालोद के एचओडी डॉ. राघवेश पाण्डेय, सहायक प्राध्यापक डॉ. जे.के. पटेल तथा अतिथि व्याख्याता सुब्रत मंडल ने स्वयंसेवकों और ग्रामीणों को विभिन्न कानूनी विषयों की महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्रदान कीं।

डॉ. जे.के. पटेल ने भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों एवं कर्तव्यों पर विस्तृत जानकारी देते हुए वर्तमान समय में प्रत्येक नागरिक के लिए संवैधानिक अधिकारों को जानना आवश्यक बताया। उन्होंने विशेष रूप से अनुच्छेद 21 के अंतर्गत प्रदत्त स्वतंत्रता से संबंधित अधिकारों की व्याख्या की।मुख्य अतिथि डॉ. राघवेश पाण्डेय ने भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 एवं डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम 2023 की सामान्य धाराओं का सरल रूप में परिचय कराया। उन्होंने प्रतिभागियों को इन नए कानूनों के व्यावहारिक महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी पुरुषोत्तम भुआर्य ने विधि विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में महाविद्यालय स्तर पर बड़े पैमाने पर विधिक प्राधिकरण शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा। इस अवसर पर सरपंच अंजनी कोठारी, प्राचार्य डॉ. रोशन आरा, जनप्रतिनिधि चन्द्रशेखर चुरेंद्र, दलनायक शुभम कुमार, कामता प्रसाद, विकास बारले सहित शिविर के स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

## पेज 3 के शेष

### दुकान से अज्ञात चोर ने ...

झलमला रोड किनारे कृषि मशनरी का दुकान चलाता हूं। रोज की तरह 19 नवंबर के रात्रि 7 बजे दुकान में ताला लगाकर घर आ गया था 20 नवंबर को प्रातः 9.30 बजे दुकान खोलने गया तो देखा दुकान के दोनो शटर का ताला टुटा हुआ था, ताला मौके पर पडा था, दुकान के दो ड्राज का लॉक टुटा हुआ था, तीसरा ड्राज का चाबी दुकान में था, जिससे तीसरा ड्राज के ताला को खोलकर ड्राज(गल्ला) में रखे करीबन 20000 रूपये नही था। 19 नवंबर के दरम्यिानी रात कोई अज्ञात चोर द्वारा मेरे दुकान के ताला को तोडकर दुकान अंदर प्रवेश कर ड्राज में रखे 20000 रूपये को चोरी कर ले गया है।

### भीमकन्हार में अवैध धान ...

भीमकन्हार के व्यवसायी सुभाष जैन के भीमकन्हार स्थित गोदाम का भी निरीक्षण किया गया। जाँच दल के अधिकारियों के द्वारा व्यापारी सुभाष चंद जैन को अपने गोदाम में रखे गए धान की मात्रा के संबंध में जानकारी लिए जाने पर उन्होंने गोदाम में 940 कट्टा धान रखे जाने की जानकारी दी। जांच दल के अधिकारियों के निरीक्षण के दौरान गोदाम में 984 कट्टा धान पाया गया। इस तरह से जांच अधिकारियों के द्वारा सुभाष चंद जैन के गोदाम के ऑनलाईन पोर्टल स्टॉक एवं रजिस्टर में मिलान करने पर कुल 17.60 क्विंटल धान अधिक पाया गया। जाँच अधिकारियों ने गोदाम में मिले अतिरिक्त 17.60 क्विंटल जप्ती की कार्रवाई की है।

---

**बालोद जिले से बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता होंगे शामिल**

# ओडिशा यात्रा के लिए यादव ठेठवार समाज में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यादव ठेठवार समाज प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में चतुर्थ सामाजिक समरसता उड़ीसा यात्रा 22 नवंबर को सामाजिक ठेठवार भवन रायपुर से सुबह 5 बजे निकलेगी। इसमे बालोद जिले से बड़ी संख्या में सामाजिक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सम्मिलित होगा।

- उड़ीसा में स्वागत, बाइक रैली और सामाजिक सभाओं का रहेगा भव्य आयोजन

यात्रा में प्रमुख रूप से प्रदेश प्रभारी प्रांतीय युवा प्रकोष्ठ हरिश यादव, प्रदेश संरक्षक एवं यात्रा अनुशासन प्रभारी रामसिंह यादव, प्रदेश महासचिव यात्रा संयोजक नरोत्तम यदु, प्रदेश कोषायात्रा सह संयोजक पुष्कर यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष रविनायण यदु, प्रदेश संगठन मंत्री पुमेन्द्र यदु, प्रदेश प्रचार मंत्री महासभा सरोज यादव, रामजीवन यदु हरिराम यदु, कृष्ण कुमार यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजू यादव, सलाहकार जोहत राम यादव, प्रदेश सलाहकार बलराम यादव, आरके यदु, नवीन यदु, शिक्षक, गौकरण यदु, बलदेव यादव, शंकर यादव, रघुनंदन यादव अशोक, ललित यादव, देवनारायण यदु सहित इस यात्रा में बालोद जिले से स्वजातीय जन शामिल होंगे।



**यात्रा का कार्यक्रम और प्रमुख पड़ावः** पूर्व में बस्तर यात्रा सरगुजा यात्रा मध्य प्रदेश यात्रा का सफल आयोजन हो चुका है। समाज में यात्रा को लेकर उत्साह देखते ही बन रहा है। यात्रा में दुर्ग, पाटन, रायपुर, महासमुंद, बागबाहरा, खलारी, खरियार रोड से उड़ीसा में प्रवेश सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा, वहीं दूसरे दिन यात्रा पुरी में पहुंचकर जगन्नाथ भगवान दर्शन पश्चात यात्रा विश्राम करेंगे। तीसरे दिवस चंद्रभागा पहुंचेगी, जहां में सूर्य उदय दर्शन पश्चात कोणार्क का अवलोकन किया जाएगा एवं दोपहर यात्रा भुवनेश्वर पहुंचेगी। जहां यादव समाज के बीच सामाजिक सभा का आयोजन किया जाएगा एवं भुवनेश्वर में धार्मिक स्थलों का दर्शन पश्चात यात्रा रात्रि में समलेश्वरी के लिए प्रस्थान करेगी।

हीराकुंड बांध में स्थानीय यादव समाज के साथ सामाजिक चर्चा पर चर्चा होगी। हीराकुंड बांध में अवलोकन पश्चात यात्रा समलेश्वरी दर्शन क पश्चात खल्लारी के लिए प्रस्थान करेगी। संध्या कालीन यात्रा का समापन खल्लारी में किया जायेगा। उक्त जानकारी प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु ने दी।

### समाज में एकता लाना है यात्रा का उद्देश्य

यात्रा के संयोजक प्रदेश महासचिव नरोत्तम यदु ने बताया कि यात्रा का स्वागत उड़ीसा के स्थानीय यादव समाज के सदस्यों के द्वारा किया जाएगा, सैकड़ो युवक बाइक रैली निकालेंगे, समाज के प्रमुखों को बग्गी में बैठकर खरियार से सभा स्थल तक ले जाया जाएगा। इस दौरान रास्ते पर स्थानीय लोग कलाकारों द्वारा कला का प्रदर्शन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में सामाजिक विधायक, स्थानीय विधायक की शामिल होंगे। इस यात्रा का प्रमुख उद्देश्य दूरस्थ आंचलों में निवासरत स्वजातीय जनों से भेंट मुलाकात कर सामाजिक रीति रिवाज, जीवन शैली, भौगोलिक स्थितियों की जानकारी आपसी भाईचारा, समाज में शिक्षा रोजगार हेतु मार्गदर्शन की आवश्य जानकारी दी जायेगी एवं समाज में एकता सक्रियता लाना है।

---

**AFFIDAVIT**

1. No. 14868912P SEP KHEMKISHAN PISDA Serving at 652 COY ASC (CIV GT) IMTRAT, C/o 99 APO-905652, do hereby solemnly affirm and declare as under–
1. That I am Citizen of India.
2. That my Permanent address is Village-KUSUMKASA, Ward No.- 07, TEHSIL-DONDI DIST-BALOD, Chhattisgarh-491228
3. That "BISHAN DEVI" is my MOTHER.
4. That in my Army Service Records, My MOTHER Name BISHAN BAI and D.O.B. as "25.03.1964" have been wrongly recorded.
5. That as per his Identity Documents/Aadhar Card, his correct Name BISHAN DEVI D.O.B. is "01.01.1967", which may be amended accordingly for all future purposes.
6. That it is my true statement, and 1 shall remain responsible for any false statement.

**VERIFICATION:**

Verified at Balod on this 19" day of November 2025 that the contents of my above affidavit are truc and correct to the best of my knowledge and belief and nothing has been concealed there from

**DEPONENT**

**न्यायालय नायब तहसीलदार गुरूर, जिला-बालोद (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र. 202510242600007 अ-6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम ग्रामवासी ग्राम कोलिहामार सूचित किया जाता है कि आवेदक ओमप्रकाश टुवानी आ. हेमराज टुवानी, निवासी मेन रोड, जनपद के बाजू गुरूर, तहसील गुरूर, जिला बालोद(छ.ग.) व अन्य 1 द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम कोलिहामार स्थित भूमि ख.न. 185/1, 185/2 रकबा क्रमशः 0.09, 0.02 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.11 हे. लगान 0.20 रू. भूमि आवेदक क्र. 02 एवं स्नेहलता टुवानी द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 30.03.2016 को अनावेदक क. 02 पूर्ण प्रतिफल देकर क्रय किया है। भूमि पंजीकृत होने के पश्चात आवेदकगण द्वारा नामांतरण क्र. 21 दिनांक 24.09.2016 को उक्त भूमि का प्रमाणीकरण कराकर ऋणपुस्तिका प्राप्त किया। स्नेहलता टुवानी द्वारा अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति को आवेदकगण के व्यवहार से खुश होकर उनके पक्ष में दिनांक 13.12.2019 को वसीयत कर दी है। स्नेहलता टुवानी का दिनांक 13.07.2025 को देहांत हो जाने के पश्चात आवेदकगण वसीयती उत्तराधिकारी होकर भूमि के स्वामित्व व स्वत्वाधारी है। माननीय न्यायालय के नामांतरण क्र. 21 दिनांक 24.09.2016 के अनुसार वादभूमि आवेदक क्र. 02 एवं स्नेहलता टुवानी के नाम पर दर्ज होना था, परन्तु अनावेदक क्र. 01 शासन के त्रुटि से वादभूमि अनावेदक क्र. 02 से 10 के नाम पर दर्ज हो गया है, जिसे पुनः आवेदक क्र. 02 के नाम पर दर्ज किया जाना न्यायहित में है। ग्राम कोलिहामार स्थित भूमि ख.न. 185/1, 185/2 रकबा क्रमशः 0.09, 0.02 हे. कुल ख.न. 02 कुल रकबा 0.11 हे. को आवेदक क्र. 02 प्रतिमा टुवानी पति ओमप्रकाश टुवानी के नाम पर दर्ज किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर प्रकरण की कार्यवाही प्रारंभ किया गया।

उक्ताशय के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा-आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12/12/2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं, या अपने अभिभाशक के माध्यम से आपत्ति-दावा पेश कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति-दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/11/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया ।

मुहर

नायब तहसीलदार
गुरूर, जिला बालोद (छ.ग.)

## खबर संक्षेप

### अज्ञात वाहन की ठोकर से बाइक सवार दंपती घायल

**बालोद।** मोटर सायकल के माध्यम से अपने घर जा रहे दंपत्ति को अज्ञात कार ने पीछे से ठोकर मार दी। जिससे बाईक सवार दंपत्ति घायल हो गए। जिसके बाद व्यक्ति द्वारा अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई गई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। तरौद निवासी राज कुमार देवांगन ने पुलिस को बताया कि 20 नवंबर को पत्नि सावित्री बाई देवांगन के साथ मेरे मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 0455 से रिश्तेदार के घर ग्राम कोरगुडा गया था जो रात्रि 7 बजे ग्राम तरौद आने मोटर सायकल से पत्नि के साथ निकला था लोहारा बालोद मार्ग कोरगुडा मालीघोरी के मध्य ईटा भट्ठा के सामने करीबन 07.30 बजे पहुचा था उसी समय लोहरा से बालोद की ओर जा रही सफेद कलर के अज्ञात कार के चालक द्वारा मेरे मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया जिससे दोनो पति पत्नि मोटर सायकल सहित गिर गये। मेरे मोटर सायकल के आगे आगे जा रही अज्ञात मोटर सायकल को भी ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया है। एक्सीडेंट करने से मेरे दोनो पैर के घुटना, बाये पैर के पंजा एवं कमर के दाहिने भाग में तथा मेरे पत्नि सावित्री बाई देवांगन के दोनो पैर के घुटना एवं दाहिने हाथ में चोट लगी है।

### ऑटो पार्ट्स दुकान से अज्ञात चोर ने की 25 हजार की चोरी

बालोद। देर रात दुकान का शटर तोड़कर दुकान में घुसकर चोर ने 25 हजार की चोरी करते हुए दुकान मे लगे सीसीटीव्ही को भी नुकसान पहुंचाया है। दुकान मालिक की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 305, 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मरारपारा बालोद वार्ड नं 8 निवासी मयंक बाफना ने पुलिस को बताया कि नया बस स्टैण्ड बालोद में मेरा ऑटो पार्टस दूकान है जो प्रतिदिन की भांति 19 नवंबर को भी शाम 8 बजे दुकान के शटर में ताला लगाकर बंद कर अपने घर चला गया था। 20 नवंबर को सुबह 9.30 बजे मेरा छोटा भाई श्रीयंक बाफना दुकान खोलने के लिये आया तो सामने के शटर एवं गली का का ताला टुटा हुआ था, तब मेरे छोटा भाई फोन कर मुझे बताया कि दुकान का ताला टुटा है, तब मै अपने दुकान आकर देखा जो सामने एवं गली का ताला टुटा हुआ था ताला वहा पर नही था, दुकान अंदर टेबल ड्राज में रखे 25000 रूपये नही था तथा दुकान के अंदर लगे सीसीटीवी कैमरा को चेक किया तो रात्रि 2.40 बजे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मेरे दुकान के अंदर सामान ढुंढते दिखा, जो शटर के ताला को तोडकर दुकान अंदर प्रवेश कर टेबल ड्राज में रखे 25000 रूपये चोरी कर ले गया है तथा दुकान के बाहर में लगे सीसीटीवी कैमरा क्षति पहुचाया है।

## निधन

### ओमप्रकाश साहू



**गुरूर।** कोलिहामार निवासी शिक्षक वर्तमान में राजिम विखं में पदस्थ ओमप्रकाश साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तीधाम में किया गया। वे बिजली विभाग से सेवानिवृत्त मोहन साहू के पुत्र, विनोद साहू और विजय साहू के बड़े भाई थे।

---

ज्ञान मार्ग की सीढ़ियों से होते हुए भी माया ही पूर्ण ज्ञानी के मार्ग में अंतिम चुनौती

# भगवान कृष्ण अपने भक्तों की स्वयं रक्षा करते हैं, उनका पतन नहीं होता : युगल शरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के 14वे दिन स्वामी युगल शरण ने ज्ञान मार्ग की चर्चा को आगे ले जाते हुए बताया कि साधन चतुष्टय जो ज्ञान मार्ग की प्रथम सीढ़ी है, वह होने के बाद साधना प्रारंभ होती है।

- स्वामी युगल शरण ने बताया, जीवनमुक्त ज्ञानी भी सत्त्व गुण की असावधानी से पतन का शिकार

उन्होने बताया ए जीव! तू वही है। फिर इसका चिन्तन करते करते यानी उन्होंने श्रवण किया। फिर चिन्तन करते रहे, श्रवण के बाद मनन, मनन के बाद निदिध्यासन में पहुँचे। तो निदिध्यासन में उनकी अवस्था हो गयी। इसके पश्चात ब्रह्म भी गया, अहं भी गया। शून्य अवस्था को कहते हैं निर्विकल्प समाधि। ऐसी अवस्था में पहुँचने के बाद पंचतत्त्व को लांघ जाता है ज्ञानी। परंतु और एक ऐसा द्वार है, जिसको निर्विकल्प समाधि में पहुँचने के बाद भी ज्ञानी नहीं लांघ सकता। उस द्वार का नाम माया, प्रकृति। विश्व में कोई भी ज्ञानी माया का भेदन नहीं कर सकता। माया तो भगवान की शक्ति है। माया दो प्रकार की है। एक गुणावरिका माया और दूसरा स्वरूपावरिका माया स्वरूपावरिका माया के अन्तर्गत रजो गुण और तमोगुण, गुणावरिका माया के अन्तर्गत सत्त्व गुण। ज्ञानी के पास सत्त्व गुण की प्रधानता होती है। ज्ञानी के पास सत्त्वगुण अभी है, उसके बल से ज्ञानी स्वरूपावरिका माया को जीत लेता है। अर्थात रजो गुण और तमो गुण को जीत लेता है। यानी उसे स्वरूप का ज्ञान हो गया। लेकिन और एक माया बची। वो है गुणावरिका माया स्वरूपावरिका माया को जीत जाने के बाद ज्ञानी को जीवनमुक्त या योगारूढ़ ज्ञानी कहते हैं। लेकिन वह अभी पूर्ण ज्ञानी नहीं है।



### ज्ञानी करता है ब्रह्म की उपासना

इस प्रकाश डालते हुए कहा कि ज्ञानी ब्रह्म की उपासना करता है। निर्गुण, निर्विशेष निराकार ब्रह्म की उपासना। वह निर्गुण ब्रह्म तो कुछ करते नहीं। वह क्या कृपा करेंगे? भगवान कहते हैं कि मेरी माया मेरी कृपा से जाएगी। माया निवृत्ति करने के लिए सगुण साकार की भक्ति करनी होगी। तो ज्ञानी सगुण सविशेष साकार की भक्ति करता है। भक्ति करने से भगवान दर्शन देते हैं। तब उसे ब्रह्म का ज्ञान होता है और भगवान की कृपा से माया जाती है। इसके पश्चात उस ज्ञानी की आत्मा जो शरीर छोड़ के ब्रह्म में लीन हो जाती है जिसको कहते हैं मोक्ष। तो ज्ञानी को भी ज्ञान योगी बनने के लिए, पूर्ण ज्ञानी बनने के लिए, माया निवृत्ति के लिए भक्ति करनी पड़ेगी। बिना भक्ति से ज्ञानी भी पूर्ण ज्ञानी नहीं बन सकता।

### जरा सी असावधानी बनती है पतन का कारण

जीवनमुक्त ज्ञानी अपने आपको पूर्ण ज्ञानी समझता है, लेकिन अभी पूर्ण नहीं हुआ है। उसके पास सत्त्व गुण है और सत्त्व गुण भी माया का ही गुण है। माया का ही विकार है। इसलिए ऐसे सत्त्व गुणी जीवनमुक्त, योगारूढ़ ज्ञानी का भी मार्ग में पतन हो जाता है। जरा सी असावधानी से सत्त्व गुण ही उनके पतन का कारण बन जाता है। ये सत्त्व गुण अपने आप नहीं जाएगी। भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि मेरे भक्त का कभी पतन नहीं हो सकता, उसको मैं सम्भालता हूँ। भगवान कहते हैं कि मैं स्वयं उसका रक्षा करता हूँ क्योंकि मेरा भक्त ने अपना शरीर, मन, बुद्धि सबकुछ मुझे समर्पण कर दिया। इसलिए मैं उसको सम्भालता हूँ। लेकिन ज्ञानी अपने बल से अपने मार्ग में आगे बढ़ता है। जो अपने बल से अपने को सम्भालता है, मैं उसको नहीं सम्भालता हूँ।

---

# बेलोदी कॉलेज का 7 दिवसीय एनएसएस शिविर पसौद में शुरू



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा

शासकीय नवीन महाविद्यालय बेलोदी के राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम पसौद में नशा मुक्ति के संकल्प के साथ प्रारम्भ हुआ। शिविर का प्रारम्भ ग्राम सरपंच कुमारी सिमरन गजभिए, महाविद्यालय जनभागीदारी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राहुल साहू तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार द्वारा माँ सरस्वती तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रेरणा पुरुष स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारम्भ किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू ने सात दिवसीय आयोजन के सन्दर्भ में स्वयं सेवकों तथा ग्राम वासियों को जानकारी दी गई। प्राचार्य डॉ. दीनदयाल दिल्लीवार ने स्वयं सेवकों को भावी भारत की शक्ति बताते हुए उन्हें निरंतर कर्तव्य पथ पर डटे रहने की प्रेरणा दी तथा यह भी कहा कि वे अपने उद्देश्य के प्रति हमेशा सजग रहें।

- नशा मुक्ति और समाज सेवा के उद्देश्य के साथ स्वयंसेवकों ने किया अभियान प्रारंभ

### शिविर लगने से ग्रामवासी हैं खुशः सरपंच

सरपंच कुमारी सिमरन ने कहा कि वे तथा उनके ग्रामवासी बहुत खुश है कि उनके ग्राम में यह शिविर लगा। वे पंचायत के माध्यम से इस शिविर का जितना हो सके सहयोग करेंगें। राहुल साहू ने भी स्वयंसेवकों को प्रेरणास्रोत बातें कहीं। कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू ने कहा कि हम सब मिलकर इस ग्राम को तथा लोगो को नशा मुक्त बनाने प्रयास करेंगे। आगामी दिनों में स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं शिक्षा के प्रति जागरूकता लाने का प्रयास भी करेंगे। कार्यक्रम में ग्राम के समस्त पंच, स्वयंसेवक, डॉ. प्रविन्यलता मार्कण्डेय, तेजस्वीनि साहू, डॉ. ललिता लहरी, डॉ. सुधा यादव, प्रियंका ठाकुर, सीमा एक्का उपस्थित थे।

---

# सरपंच मंजुलता ने की बालोद जिला प्रशासन के कार्यों की सराहना



**बालोद।** ग्राम पंचायत ओरमा सरपंच मंजूलता परस साहू ने बालोद कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा से मिलकर बालोद जिला को मिलने वाले नेशनल अवार्ड लिए हर्ष व्यक्त की। उन्होंने बालोद जिले को छत्तीसगढ़ नहीं पूरे भारत देश में एक पहचान बनाने वाले जिला प्रशासन को भी आभार व्यक्त करते हुए सरपंच ने ओरमा पंचायत को मॉडल पंचायत बनाने के लिए कलेक्टर दिव्या मिश्रा को ग्राम पंचायत ओरमा एवं मेंड़की आने का न्योता भी दिया। बहुत जल्द कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा एवं जिला पंचायत सीईओ का आगमन ग्राम पंचायत ओरमा होंगे। कलेक्टर ने भी कहा आपके यहां पंचायत में बहुत अच्छे से काम हो रहे हैं, आप पौधारोपण बेहतरीन ढंग से करवाए हैं और लगातार मैं देख रही हूं निरंतर साफ–सफाई भी आप बहुत जिम्मेदारी से निर्वहन कर रही है इसलिए आपको भी बधाई। चर्चा में सरपंच मंजूलता परस साहू ने कलेक्टर को बताया कि गांव में प्रधानमंत्री आवास, पौधारोपण, पेंशन योजना, मुख्यमंत्री तीर्थ योजना, शौचालय निर्माण एवं अन्य रोजगार मूलक योजना मूलभूत सुविधा से संबंधित चर्चा किया।

---

# विज्ञान मेले में आत्मानंद स्कूल के छात्रों का कमाल एक प्रोजेक्ट राष्ट्रीय स्तर के लिए चयनित

**बालोद।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद के विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय पश्चिमी भारत विज्ञान मेला, जशपुर में अपने नवाचार आधारित प्रोजेक्टों के माध्यम से विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय के तीन प्रोजेक्ट इस आयोजन में प्रदर्शित हुए, जिनमें से एक प्रोजेक्ट का चयन राष्ट्रीय स्तर हेतु किया गया है।

विद्यालय के छात्र निखिल साहू का प्रोजेक्ट उभरती हुई प्रौद्योगिकी विषय पर आधारित था, जिसमें लाइट के माध्यम से टेक्स्ट मैसेज भेजने का अभिनव मॉडल प्रस्तुत किया गया। इस उत्कृष्ट नवाचार को निर्णायकों द्वारा सराहा गया और इसे राष्ट्रीय स्तर हेतु चयनित किया गया है। यह संपूर्ण जिले के लिए गर्व का विषय है। इसके साथ ही छात्र मुस्कान साहू का प्रोजेक्ट अपशिष्ट प्रबंधन थीम पर राज्यस्तर पर प्रदर्शित हुआ। उन्होंने ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया जो प्लास्टिक जैसे अपशिष्ट को रीसाइकल कर बिजली में परिवर्तित करता है। यह मॉडल पर्यावरण संरक्षण और ऊर्जा उत्पादन की दिशा में प्रेरणादायक कदम है। इसी प्रकार छात्र लोकेंद्र साहू का विज्ञान क्लब एस्ट्रोबोट भी जशपुर में प्रस्तुत किया गया। यह क्लब विद्यार्थियों द्वारा स्कूल में संचालित विज्ञान गतिविधियों पर आधारित अंतरिक्ष संबंधी जानकारी शक्ति सेट मिशन के अंतर्गत स्पेस किड्स इंडिया, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस संबंधी विशेष कक्षाओं का संचालन रोबोटिक्स और नवाचार के प्रति रुचि उत्पन्न करने हेतु विभिन्न गतिविधियाँ संचालित करता है, जिनमें वैज्ञानिक जानकारियों का संग्रह, नवाचार आधारित कार्य एवं तकनीकी गतिविधियाँ शामिल हैं।



### मिले समुचित अवसर एवं प्रोत्साहनः प्राचार्य

विद्यालय के प्राचार्य अरुण कुमार साहू ने कहा कि छात्रों को अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा प्रदर्शन करने का समुचित अवसर एवं प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए ताकि भविष्य में विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार एवं उच्च तकनीक के प्रति रुचि विकसित किया जा सके। कार्यक्रम के नोडल एवं मार्गदर्शन शिक्षक पंकज कुमार सोनी ने भी विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए बताया कि नवाचार के क्षेत्र में यह उपलब्धि इस सत्र की दूसरी राष्ट्रीय उपलब्धि है, जो विद्यालय की निरंतर प्रगति का प्रमाण है। स्कूल स्टाफ के शिक्षक आरएस देशमुख, नीलम पांडे, वीरेंद्र देशलहरे, आरके सार्वा, नेम सिंह साहू, कुमुदिनी साहू ने छात्रों की प्रतिभा की सराहना की।

---

### तहसील साहू संघ का शपथ ग्रहण समारोह 23 को

**अंडा।** तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण शपथ ग्रहण समारोह 23 नवंबर को स्थान-कार्यालय तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण कोनारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) अत्यंत हर्ष का विषय है कि तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण एवं अधिनस्थ परिक्षेत्रीय साहू समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारी/मनोनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह कर आयोजन किया गया है। कार्यक्रम दिनांक - 23.11.2025 दिन-रविवार समय दोपहर 12:00 बजे से स्थान-तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण कोनारी, जिला-दुर्ग (छ.ग.) कार्यक्रम के अतिथिगण मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू , पूर्व गृह मंत्री पूर्व अध्यक्ष प्रदेश साहू संघ छ.ग. अध्यक्षता नंदलाल साहू अध्यक्ष जिला साहू संघ दुर्ग जिला-दुर्ग, अति विशिष्ठ अतिथि जागेश्वर साहू , पूर्व मंत्री म.प्र. शासन पूर्व अध्यक्ष साहू संघ, रमशीला साहू , पूर्व केबिनेट मंत्री छ.ग. शासन, डॉ. दयाराम साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, दीपकताराचंद साहू , पूर्व अध्यक्ष हस्तशिल्प बोर्ड छ.ग. शासन, राजेन्द्र साहू , पूर्वअध्यक्ष जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या दुर्ग, विशेष अतिथि श्रद्धा साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, सुश्री प्रिया साहू सभापति जिला पंचायत दुर्ग, सहित समस्त पदाधिकारीगण तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण उपस्थित रहेगें। यह जानकारी तहसील साहू संघ दुर्ग ग्रामीण के मिडिया प्रभारी राजेंद्र साहू, संजय साहू ने दी।

---

# 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



अंजोरा में होने वाले 24 कुंडीय राष्ट्र शौर्य समृद्धि गायत्री महायज्ञ की तैयारियाँ आजकल पूरे चरम पर हैं। जन-जन तक इस पावन आयोजन का संदेश पहुँचाने हेतु गायत्री परिवार के समर्पित कार्यकर्ता दिनभर विभिन्न मोहल्लों, गांवों और पंचायतों में सक्रिय जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। कार्यकर्ता सिर्फ आमंत्रण ही नहीं दे रहे, बल्कि दीप महायज्ञ, जागरूकता कार्यक्रम और आध्यात्मिक संदेशों के माध्यम से गांव में सकारात्मक ऊर्जा का वातावरण भी निर्मित कर रहे हैं।

महायज्ञ को सफल बनाने के उद्देश्य से टीमें स्थानीय नागरिकों, विभिन्न सामाजिक वर्गों, जनप्रतिनिधियों व प्रतिष्ठित व्यक्तियों से भेंट कर कार्यक्रम की रूपरेखा, उद्देश्यों और राष्ट्रहित में इसके महत्व से अवगत करा रही हैं। ग्रामवासियों, युवाओं और महिलाओं में इस ऐतिहासिक आयोजन को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। गायत्री परिवार के अनुसार, यह महायज्ञ राष्ट्र शौर्य , समृद्धि, संस्कार जागरण, सामूहिक सद्भाव और आध्यात्मिक चेतना को मजबूत करने वाला एक विराट एवं प्रेरणादायी आयोजन होगा। यह महायज्ञ 17 दिसंबर से 20 दिसंबर 2025 तक संपन्न होगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की सहभागिता अपेक्षित है।

---

# मानवता और संवेदना ही है सच्चा धर्म : संत विराग मुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



भगवान महावीर ने अपनी अंतिम देशना में मनुष्य भाव को अत्यंत दुर्लभ बताया था और उसमें भी दुर्लभ है मानवीय गुण, जिसमें मानवता ना हो संवेदना न हो वह अच्छा इंसान कैसे हो सकता है। संत विराग मुनि ने महावीर भवन में चल रहे अपने प्रवचन श्रृंखला में कहा कि हमारे जीवन में अन्य के लिए यदि कोई समावेश नहीं है कोई संवेदना नहीं है तो समझो हममें मानवीय गुणों का अभाव है।

बचपन में कितनी निर्मलता होती है किंतु जैसे–जैसे उम्र बढ़ती है निर्मलता समाप्त होते जाती है। जीवन की पवित्रता अंदर ना हो तो समझो हमारी आराधना भी व्यर्थ है। प्रतिदिन सोने से पूर्व चिंतन करें कि आज मैंने क्या करने जैसा कार्य किया और क्या नहीं करने जैसा कार्य किया। मन के परिणामों को पढ़ना शुरू करें तो बुराइयां धीरे–धीरे घटने लगती है। धर्म समझ में आए तो पाप घटता ही है किंतु पाप के परिणाम दिखाई नहीं देने के कारण हम पाप के कार्यों से विचलित नहीं होते हैं। अपने अंदर कोई एक गुण को जरूर डेवलप करें, जिससे अन्य कई गुणों का समावेश स्वयं धीरे–धीरे होने लगता है।

### बड़ों का सम्मान व बच्चों को संस्कार देना है प्रथम कर्तव्य

परिवार में बड़ों का सम्मान करना और बच्चों को संस्कार देना यह प्रथम कर्तव्य है किंतु हम भौतिकता के भंवर में ऐसे फंसे हैं कि इन बातों पर हमारा ध्यान ही नहीं जाता, फल स्वरुप परिवार में ही संवेदनाएं समाप्त हो रही है। हमें यह दुर्लभ मानव जन्म मिला है, जिसमें नर से नारायण बनने की भी क्षमता होती है और नर से नराधम बनने की भी। हम प्रयास करें कि कम से कम एक अच्छा इंसान ही बन सकें।

---

# चिटौद में गौधाम योजना को लेकर बैठक, प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

चिटौद में गोधाम योजना हेतु बैठक रखी गई। उक्त बैठक मे गोधाम समिति अध्यक्ष एवं सदस्य, सरपंच ग्राम पंचायत चिटौद, सचिव, पशुपालन अधिकारी, कर्मचारी, जनपद पंचायत अध्यक्ष एवं जनपद पंचायत सदस्य उपस्थित थे। सभी सदस्यो ने ग्राम पंचायत भवन में बैठक कर ग्राम पंचायत चिटौद अंतर्गत गौधाम योजना हेतु विचार विमर्श किया तथा प्रस्तावित गोधाम स्थल का निरीक्षण किया। सभी सदस्यो ने विचार विमर्श उपरांत एक नवीन प्रस्ताव गोधाम योजना हेतु तैयार कर आगे बढ़ाने का निर्णय लिया। सभी सदस्य इस बात पर जोर दिए जोर दिए कि वर्तमान में पैरा संग्रहण कार्य गौधाम स्थल में कराया जाना प्राथमिकता से किया जाएगा। चिटौद में गोधाम का निरीक्षण किया गया। ब्लॉक स्तरीय गौ सेवा समिति अध्यक्ष वासुदेव नागेश, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, सरपंच ग्राम पंचायत चिटौद तीरथ यादव, खिलावन साहू, वेटनरी डॉ संजय साहू, अध्यक्ष गौधाम गुरूर रविकांश देशमुख, सचिव ग्राम पंचायत चिटौद मनोज साहू, डॉ अरविंद कुमार पाण्डेय उपस्थित थे।

- जनप्रतिनिधियों व समिति सदस्यों ने मिलकर किया विस्तृत विचार–विमर्श

---

## नाली निर्माण, सफाई, पचरी निर्माण और नशा मुक्ति जागरूकता से बदला गांव का माहौल

# सिरसिदा में एनएसएस का सात दिवसीय विशेष शिविर शुरू, छात्रों ने सेवा और जागरूकता का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर आयोजित की जाती है जो युवाओं में शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा राष्ट्र निर्माण और समूचे समाज की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध किया जाता है सुबह शिवरार्थी प्रभात फेरी कर गाओ वाले को जागरूक किए उसके बाद गांव के चंद्राकर पारा में पानी निकाशी के लिए नाली निर्माण, दर्शनीय स्थल श्री विष्णुधाम ओटेबंद मंदिर प्रांगण के पूरा आस पास साफ सफाई, तालाब में पचरी निर्माण,गली गली में नुक्कड़ नाटक के नशा मुक्ति के लिए जागरूक किए एवं गांव के ं को संदेश दिए। जिसके बाद बौद्धिक सत्र का उदघाटन में मुख्य अतिथि की आसंदी पर प्रतिभा ठाकरे (एस. ड.एम. गुण्डरदेही), कोमल सिंह ध्रुव ( तहसीलदार गुण्डरदेही), संजय शुक्ला (कार्यक्रम अधिकारी शासकीय उच्च. माध्य. विद्यालय गुण्डरदेही) एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ।




जिसमें तारणी चंद्राकर (अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद), पुष्पेंद्र चंद्राकर ( युवा मोर्चा दुर्ग), पद्म ऊषा बारले (पंडवानी गायिका), रजनी रजक (ढोला मारु गीत के लिए राष्ट्रपति पुरस्कृत), लिलेश्वर साहू (छत्तीसगढ़ शासन मिनिमता सम्मान से सम्मानित) पुरुषोत्तम चंद्राकर (अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही), सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, कुलदीप साहू ( अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद), संध्या खरे ( जनपद सदस्य गुण्डरदेही ),ख़ेमन चंद्राकर, एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ।

### गांव में चलाया जाएगा जागरूकता अभियान

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य छात्रों को जीवन में सामाजिक मूल्यों के साथ साथ व्यक्तित्व के विकास के लिए आयोजित किया जाता है जिसमें सात दिवसीय तक छत्तीसगढ़ शासन राष्ट्रीय सेवा प्रकोष्ठ की योजना नशा मुक्त युवा थीम की गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें नशा मुक्ति अभियान, नूकड़ नाटक, इस कार्यक्रम के आयोजन पर ग्राम के प्रमुख कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्राम जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और इस दल के साथ जागरूक करने के लिए लोगों के बीच सात दिन तक हम भी कार्य करेंगे, कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महा नदी हे अपार से हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन में संचालन स्वयं सेवक सत्यवती देवदास ने किया । अधिकारी आभार व्यक्त गुलशन साहू ने किया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ लीना साहू, कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक कौशल गजेंद्र, रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू, रोशन साहू, अभिषेक कुमार, मिथलेश कुमार, विक्की साहू, ज्योति साहू, दीपिका सोनकर, चित्रांशी, सिमरन, इंद्राणी सेन, गुलशन, हर्षित बारले, सोमेश कुमार एवं समस्त स्वयंसेवक सेवकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

